दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 17 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए जल्द लायी जायेगी नई नीति।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल की घोषणा– स्टार्टअप के लिए अब उद्यमियों को सीड फंड के रूप में दस लाख रूपये की जगह पच्चीस लाख रूपये दिये जायेंगे।

04. और, राज्य में एग्री स्टैक महाअभियान के तहत किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण आज से। अब तक बीस लाख से अधिक किसानों का हो चुका है निबंधन।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और असम के कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी गुवहाटी–हावड़ा वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। साथ ही श्री मोदी कई नई अमृत भारत ट्रेनों को भी रवाना करेंगे।

———बाइट———

नई अमृत भारत ट्रेनों में पांच ट्रेनें बिहार से होकर चलेंगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इन ट्रेनों में हावड़ा से आनंद विहार, सियालदह से बनारस, अलीपुरद्वार से मुंबई के पनवेल, डिब्रूगढ़ से लखनऊ के गोमतीनगर और गुवाहाटी के कामाख्या से रोहतक ट्रेन शामिल हैं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए जल्द ही नई नीति लायी जायेगी। बेतिया में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि सात निश्चय के तहत सुलभ स्वास्थ्य, सुरक्षित जीवन के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए जिला और प्रखंड स्तरीय अस्पतालों को विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

———बाईट———

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोगुना रोजगार, दोगुनी आय के साथ प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना किया जायेगा। साथ ही अगले पांच वर्षों में युवाओं के लिए एक करोड़ नौकरी और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। श्री कुमार ने कहा कि राज्य में नई एजुकेशन सिटी का निर्माण होगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चम्पारण जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान वे एक सौ बहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार एक सौ अड़तीस करोड़ रूपये लागत वाली तीस योजनाओं का उद्घाटन जबकि चौंतीस करोड़ रूपये लागत की चालीस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री जिले में चल रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही वे जन संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

राज्य में एग्री स्टैक महाअभियान के तहत किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। अभियान के तहत अब तक बीस लाख से अधिक किसानों का निबंधन हो चुका है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियान के तहत पचहत्तर लाख किसानों के निबंधन का लक्ष्य है, जिसे अगले पच्चीस दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भागलपुर, पूर्णिया, वैशाली और अररिया समेत कई जिलों ने निबंधन में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुये राज्य औसत से बेहतर प्रगति दर्ज की है।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने उन्नीस जनवरी से शुरू हो रहे जन सुनवाई कार्यक्रम को तत्परता से लागू करने का निर्देश दिया है। उप मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हरेक सोमवार और शुक्रवार को विभाग के संबंधित अधिकारी जन सुनवाई के लिए अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की समस्याओं की तत्काल सुनवाई करेंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान कृषि संबंधी जरूरतों को समय पर पूरा करने के लिए रिकॉर्ड स्तर पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि उर्वरकों की अनुमानित राष्ट्रीय आवश्यकता लगभग एक सौ बावन दशमलव पांच करोड़ बोरियों के मुकाबले सरकार ने लगभग एक सौ छिहत्तर दशमलव सात नौ करोड़ बोरियों की उपलब्धता सुनिश्चित की। मंत्रालय ने

कहा कि यह अतिरिक्त उपलब्धता किसानों को सहयोग देने और देश भर में निर्बाध कृषि गतिविधियों को बनाए रखने में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

———————————————————————

प्रदेश में स्टार्टअप के लिए अब उद्यमियों को सीड फंड के रूप में दस लाख रूपये की जगह पच्चीस लाख रूपये दिये जायेंगे। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित अविन्या बिहार टू प्वाइंट ओ कार्यक्रम में उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप संस्थापक को पहले चरण में पन्द्रह लाख रूपये और दूसरे चरण में दस लाख रूपये दिये जायेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने फार्मासिस्ट पद के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी की न्यूनतम योग्यता की अनिवार्यता वाले बिहार सरकार के नियम को सही ठहराया है। न्यायालय ने पटना उच्च न्यायालय के फैसले को सही ठहराते हुये इस संबंध में दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि बिहार में फार्मासिस्ट के दो हजार चार सौ तिहत्तर पदों के लिए प्रकाशित विज्ञापन में डी. फार्मा को अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय किया गया था। इसे अभ्यर्थियों ने पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पटना उच्च न्यायालय ने विज्ञापन में प्रकाशित योग्यता को सही ठहराया था, जिसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

———————————————————————

राज्य में पहली बार पुलिस की स्वतंत्र ड्रोन यूनिट गठित की जाएगी। एडीजी, आधुनिकीकरण सुधांशु कुमार ने बताया कि ड्रोन कैमरा से ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की पहचान कर सीधे चालान की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ड्रोन की मदद से भीड़ भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों की लाइव मॉनिटरिंग से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि चालीस ड्रोन पुलिस जिलों में तैनात होंगे, वहीं दस ड्रोन स्पेशल टास्क फोर्स को मिलेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

जहानाबाद की एक छात्रा की पटना में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की जांच के लिए पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने एसआईटी का गठन किया है। पटना सिटी एसपी पूर्वी परिचय कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी पूरे मामले की जांच करेगी। वहीं, आईजी जितेन्द्र राणा अनुसंधान की निगरानी करेंगे।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर की विशेष निगरानी अदालत ने लौरिया चीनी मिल में नौ सौ संतानवे बोरा चीनी घोटाले के मामले में तत्कालीन छह पदाधिकारियों को सजा सुनाई है। बिहार राज्य शुगर कॉरपोरेशन लिमिटेड पटना के तत्कालीन शासन प्रमुख नंद कुमार सिंह और तत्कालीन प्रबंध निदेशक के विशेष सहायक उमेश प्रसाद सिंह को दो–दो वर्ष कारावास और दस–दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है। यह मामला वर्ष उन्नीस सौ नब्बे का है।

————————————————————

नव गठित उच्च शिक्षा और नागर विमानन विभाग में दो सौ साठ पदों पर नियुक्ति होगी। उच्च शिक्षा विभाग में एक सौ इकसठ जबकि नागर विमानन विभाग में निन्यानवे पदों पर नियुक्ति की जायेगी। दोनों विभाग ने पद सृजन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है और इस पर वित्त विभाग ने भी अपनी सहमति दे दी है।

————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों तक मौसम में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। दिन में धूप निकलेगी लेकिन सुबह और शाम के समय पछुआ हवा के चलते कनकनी का प्रभाव बना रहेगा।

————————————————————

पटना के दानापुर थाना क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड स्थित एक होटल में पुलिस ने छापेमारी कर साईबर ठग गिरोह के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अठारह मोबाईल फोन, दो लैपटॉप, पैन कार्ड और आधार कार्ड समेत कई अन्य आपत्तिजन सामान बरामद किये गये।

————————————————————

पटना की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी सोहन कुमार को बीस वर्ष कारावास और ग्यारह हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————

पूर्णिया जिले के नगर थाना क्षेत्र के झील टोला में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। एक उत्पाद सिपाही पर चाकू से हमला किया गया, जिसमें वे गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।

————————————————————

अररिया जिले के आर.एस. थाना क्षेत्र के अंसारी टोला के पास पुलिस ने एक ऑटो रिक्शा से दो सौ लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

वैशाली जिले के पातेपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले में एक सौ सत्तासी आवेदकों का चयन विभिन्न कम्पनियों ने किया।

———————————————————

औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के बड़ेम में सूर्य राघव महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में पौराणिक महत्ता पर आधारित कई कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई।

———————————————————

भुवनेश्वर में आयोजित सब—जूनियर राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने क्वार्टर फाईनल में जगह बना ली है। बिहार ने प्री—क्वार्टर फाईनल में झारखंड को पराजित किया।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है — सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस रोकने को नीति बनेगी।

दैनिक जागरण ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है— आरक्षित वर्ग के मेधावी अभ्यर्थियों को भी सामान्य सीट का हक।

प्रभात खबर की सुर्खी है— नितिन नवीन तय, बीस को मिलेगा भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष।

दैनिक भास्कर ने लिखा है— बिहार में अब ड्रोन पुलिसिंग, हर जिले में एक यूनिट होगी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं— विवाह ई निबंधन के लिए हार्ड कॉपी अनिवार्य नहीं।

आज अखबार लिखता है— दुनिया के सबसे उंचे शिवलिंग की स्थापना आज।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा— सरकारी चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस पर रोक लगाने के लिए जल्द लायी जायेगी नई नीति।

03. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल की घोषणा– स्टार्टअप के लिए अब उद्यमियों को सीड फंड के रूप में दस लाख रूपये की जगह पच्चीस लाख रूपये दिये जायेंगे।

04. और, राज्य में एग्री स्टैक महाअभियान के तहत किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण आज से। अब तक बीस लाख से अधिक किसानों का हो चुका है निबंधन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।